प्रेषक,

प्रभंजन यादव,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 12 मार्च, 2025

विषयः- विद्युत सुरक्षा निदेशालय को वित्तीय वर्ष 2024-25 में गाडियों के क्रय हेतु प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पत्र संख्या - 10441/ मु0/एफ0-5/एफ0-5(बजट)/2024-25, दिनांक 07 जनवरी, 2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के आय-व्ययक में गाडियों के क्रय हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये 80,00,000/- (रूपये अस्सी लाख मात्र) के सापेक्ष रू0 70,71,070/- (रूपये सत्तर लाख इक्हत्तर हजार सत्तर रूपये मात्र) को व्यय करने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

<u>नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों</u>

(1) उपरोक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण इसी कार्य हेतु किया जायेगा।

(2) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जायंगा।

(3) प्रस्तर-1 में स्वीकृत की जा रही धनराशि के आहरणोपरान्त उपयोगिता-प्रमाण-पत्र इसी वित्तीय वर्ष में उपलब्ध कराया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 70,71,070 (रुपये सत्तर लाख इकहत्तर हजार सतर मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 009 लेखा शीर्षक 4075008000300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय मानक मद 14 मोटर गाड़ियों का क्रय के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-120-X-2024-25-दिनांक:11-3-2025 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
उप सचिव।

संख्या-21/2025/001-294(1)-24-1-2025-81 p-2015, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001

2- प्रधान महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)-प्रथम, 15 ए, दयानन्द मार्ग, सिविल लाइन, प्रयागराज-211001

3- कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा-II), उ0प्र0, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

4- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
उप सचिव।